बी.सी.एम स्कूल, बसंत एवेन्यू, दुगरी, लुधियाना

कक्षा - पाँचवी

दिनांक 29.04.23 हिंदी कार्यपत्रिका

प्र०1- निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें-

एक बार एक किसान का बैल गहरे गड्ढे में गिर गया। वह ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगा। किसान उसे बाहर निकालने का उपाय सोचने लगा। अंत में उसने फैसला किया कि बैल बहुत बूढ़ा है, इसलिए उसे गड्ढे में ही दफना दिया जाना चाहिए। किसान ने अपने सभी पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाया। उन्होंने मिलकर गड्ढे में मिट्टी डालना शुरू कर दिया। जैसे ही बैल ने सब कुछ समझा, वह ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगा और फिर अचानक चुप हो गया।सब चुपचाप गड्ढे में मिट्टी डाल रहे थे। अचानक किसान ने गड्ढे में देखा तो हैरान रह गया क्योंकि बूढ़ा बैल अपनी पीठ पर गिरी मिट्टी को हिलाकर नीचे गिरा देता था और उस मिट्टी पर चढ़ जाता था। शीघ्र ही वह गड्ढे के किनारे पर पहुँच गया और फिर अपने साहस और सूझबूझ के बल पर गड्ढे से बाहर निकल गया।

क) बैल किसके बल पर गड्ढे से बाहर निकला?

ख) किसान ने मदद के लिए किस को बुलाया?

ग) अंत में किसान ने बैल के लिए क्या निर्णय किया?

घ) रिक्त स्थान भरो-

किसान उसे बाहर निकालने का .... सोचने लगा।

ड.) वचन बदलो-

उसने- वे –

च) समानार्थक शब्द लिखें-

हिम्मत- सहायता-

छ) गद्यांश में से कोई दो द्वित्व व्यंजन वाले शब्द छाँट कर लिखें-

प्र०2- निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर उनका भेद लिखें-

क) रोहन खुशी से नाच रहा है।

ख) नदी का बहाव तेज़ है।

ग) मैं लुधियाना में रहता हूँ।

प्र०3-निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें-

क) कहानी लिखना भाषा का कौन-सा रूप है?

ख) हिंदी वर्णमाला में स्पर्श व्यंजनों की संख्या कितनी हैं?

ग) निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग करें-

गह , वषा , टक , पकाश , कम

प्र०4- अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें -

क) आकाश को छूने वाला –

ख) दूर की सोचने वाला –

प्र०5- क)सोलह के बाद ....आता है।

ख) 27 को शब्दों में लिखें।

प्र०6- रोशनी के पिताजी कहाँ कार्यरत थे?

प्र०7- रोशनी की फोटो किस में छपी थी?